दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 15 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 227

नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आए दो बच्चे, मौत

❒ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जताया शोक

रायपुर | आरएनएस

नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी से आज बीजापुर में दो मासूम बच्चों की जान ले ली। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पर गहरा दु:ख प्रकट किये। इंद्रावती नदी के पार बड़े बोडग़ा गांव के एक खेत में आईईडी पड़ा हुआ था। गांव के बच्चे खेलते-खेलते वहां पहुंच गए और आईईडी से खेलने लगे। अचानक आईईडी में ब्लास्ट हो गया और दोनों बच्चों का घटना स्थल पर ही कारुणिक अंत हो गया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर कहा नक्सलियों की इस करतूत की जितनी निंदा की जाए कम है। परमात्मा इन अबोध बच्चों की आत्माओं को शांति दें। सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है।

नक्सलियों को चुकानी होगी मासूमों की मौत की कीमत : विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल गए दो बच्चों की आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख व्यक्त किया और कहा है कि नक्सलियों को इसकी कीमत चुकानी होगी।

राज्य के मुख्यमंत्री साय ने सोमवार को हुई घटना का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के बड़े बोडग़ा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से गांव के दो मासूम बच्चों के देहावसान की दुखद सूचना प्राप्त हो रही है। ईश्वर से उन अबोध बच्चों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं।

उन्होंने आगे लिखा, नक्सलवाद का काला साया हमारे बच्चों को निगल रहा है, जिसे किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। नक्सलियों को मासूमों के करुण मौत की क़ीमत अवश्य चुकानी होगी।

ज्ञात हो कि सोमवार को बीजापुर के भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के इंद्रावती नदी के तट पर बोडग़ा गांव में दो बच्चे अपने पालकों के साथ तेंदूपत्ता तोडऩे गए थे। इसी दौरान आईईडी में धमाका हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई।

इससे एक दिन पहले भी एक युवती की आईईडी की चपेट में आने पर मौत हुई थी।

मुठभेड़ के दौरान पीड़िया जंगल से 14 नक्सली गिरफ्तार

❒ कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद

बीजापुर-रायपुर | आरएनएस

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 12/05/2024 को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर मुतवेंडी-पीडिय़ा की ओर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पीडिय़ा - मुतवेंडी के मध्य जंगल से विस्फोटक एवं भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 14 माओवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादी मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 एवं गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय होकर कार्यरत है। माओवादियों से बारीकी से पूछताछ कर मार्ग में प्लांट करने के लिये छुपाये गये 04 नग टिफीन बम, 02 नग कुकर बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, गैती, फावड़ा, सब्बल, पटाखा बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को बड़ा नुकसान पहुचाने की नीयत से पीडिय़ा - मुतवेंडी मार्ग पर प्लांट करने की योजना थी। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पकड़े गए आरोपियों के नाम :

1. रेनु कोवासी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीपीसीएम, ईनाम 08.00 लाख
2. मंगली अवलम, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 08.00 लाख
3. बिच्चेम उईका, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 05.00 लाख
4. शर्मिला कुरसम, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख
5. लक्ष्मी ताती, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख
6. बबीता हेमला, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख
7. सावित्री पूनेम, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख
8. मैनू ओयाम ऊर्फ लच्छु, डिविजन टेलर टीम, पीएम, ईनाम 02.00 लाख
09. पायकी माड़्वी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, सदस्य , 02.00 लाख
10. टोकलू माड़वी, गंगालूर एलओएस सदस्य, ईनाम 01.00 लाख
11. सन्नू लेकाम, ष्ठ्रयरूस् अध्यक्ष पीडिय़ा, ईनाम 01.00 लाख
12. बिच्चेम कुंजाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य (क्रक्कष्ट कोरचोली)
13. लखू पूनेम, जीआरडी कमांडर (इतावर)
14. पाण्डू मुचाकी, भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमांडर, पीडिय़ा

महत्वपूर्ण एवं खास

अब तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों को बम से उड़ाने का धमकी मिलने के बाद अब दिल्ली की तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी मंगलवार को ईमेल के माध्यम से दी गई है। तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली पुलिस को धमकी दिए जाने की जानकारी दी है। धमका मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। मौके पर पहुंच कर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहां आने जाने वाले लोगों पर कुछ घंटों के लिए रोक लगा दी गई है। तिहाड़ जेल के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। तिहाड़ जेल को मिले धमकी भरे ईमल में लिखा है कि मैंने आपकी बिल्डिंग के अंदर बम रखे हैं। ये सभी बम अगले कुछ घंटों में विस्फोट करेंगे। यह कोई मामूली धमकी नहीं है। आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, नहीं तो बिल्डिंग (तिहाड़ जेल) के अंदर निर्दोष लोगों का खून आपके हाथों में होगा।

एसआईए की बड़ी कार्यवाई: आतंकवाद से जुड़े मामलों में कश्मीर में कई ठिकानों पर की छापेमारी

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की। एसआईए के अधिकारियों ने शोपियां, अनंतनाग और कुलगाम जिलों में सुबह-सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने बताया, यह छापेमारी आतंकवादियों द्वारा एक गैर-स्थानीय की हत्या के सिलसिले में की जा रही है। एसआईए अधिकारियों ने कहा कि उनके पास कई सुराग हैं जो शामिल आतंकवादियों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने में मदद करेंगे। एसआईए जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक आतंकवाद विरोधी शाखा है। यह जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद, नार्को-आतंकवाद और ड्रग की तस्करी से लडऩे के लिए केंद्र शासित प्रदेश के खुफिया विभागों के समग्र नियंत्रण में काम करती है।

भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद मामले में गौतम नवलखा को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद मामले में आरोपी गौतम नवलखा को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, मुकदमे को अंजाम तक पहुंचने में काफी वक्त लगेगा। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने गौतम नवलखा की जमानत पर लगी बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक को बढ़ाने से इनकार कर दिया। हालांकि, पीठ ने साथ ही नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा पर हुए खर्च के लिए 20 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नवलखा की ओर से दी गई दलील पर ध्यान दिया। वह चार साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं, लेकिन अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं और इस वजह से ट्रायल में काफी वक्त लगेगा। पिछले साल दिसंबर में बॉम्बे हाईकोर्ट ने नवलखा को जमानत दे दी थी। उन पर माओवादियों के साथ कथित संबंध का आरोप है। वो 14 अप्रैल 2020 से हिरासत में हैं। 73 वर्षीय गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उनकी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए नवंबर 2022 से घर में नजरबंद कर दिया गया था।

सलमान खान के घर फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। सलमान खान के घर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। आरोपी की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी हरपाल सिंह (34) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने सोमवार शाम उसके गृहनगर से गिरफ्तार कर लिया। हरपाल सिंह को मंगलवार सुबह मुंबई लाया गया और बाद में दिन में अदालत में पेश किया जाएगा। गोलीबारी की घटना के सिलसिले में यह छठी गिरफ्तारी है। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के आवास के बाहर दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने गोलीबारी की और मौके से भाग गए।

झारखंड के मंत्री आलमगीर से ईडी ने की पूछताछ, पीएस और घरेलू सहायक के ठिकानों से मिले थे करोड़ों रुपए

रांची | आरएनएस

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ईडी के समन पर मंगलवार को एयरपोर्ट रोड स्थित एजेंसी के जोनल ऑफिस में हाजिर हुए। बता दें ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम और अन्य करीबियों के ठिकानों पर 6-7 मई को की गई छापेमारी में 35.23 करोड़ रुपए बरामद किए थे। अब इसी मामले में मंत्री आलमगीर से पूछताछ शुरू हो रही है।

आलमगीर आलम झारखंड सरकार के कैबिनेट में नंबर दो हैसियत वाले मंत्री हैं। वह झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं। ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल एवं घरेलू सहायक जहांगीर लाल को 8 मई से रिमांड पर लिया है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है। इस दौरान खुलासा हुआ है कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में टेंडर मैनेज करने से लेकर भुगतान में कमीशन की वसूली होती थी और इसका निश्चित हिस्सा बड़े अफसरों और राजनेताओं तक पहुंचता था।

ईडी ने इन्हें रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो पिटीशन दिया था, उसमें बताया गया है कि संजीव कुमार लाल ही कमीशन वसूलता था और इसका प्रबंधन करता था। संभावना जताई जा रही है कि मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ के दौरान उनका सामना पीएस संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम से भी कराया जा सकता है। एजेंसी मंत्री से उनके आय-व्यय और संपत्ति से जुड़े ब्योरों पर भी पूछताछ करेगी।

टायर फटने से डिवाइडर से टकराई कार, छह लोगों की मौत

गाजियाबाद | आरएनएस

गाजियाबाद से सटे हापुड़ में एक भीषण सडक़ हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 2 युवक गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले सभी गाजियाबाद के लोनी इलाके के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार एक्सएल 6 कार का टायर फटने की वजह से गाड़ी डिवाइडर तोडक़र दूसरी तरफ पहुंच गई। सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, मुरादाबाद से गाजियाबाद की ओर आ रही मारुति एक्सएल 6 बृजघाट टोल के पास सामने से आते ट्रक से टकरा गई। गाड़ी में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, गाड़ी का टायर फटने से वह डिवाइडर तोडक़र दूसरी तरफ जाकर ट्रक से जा टकराई।

मृतकों की पहचान कर ली गई है, जिसमें रोहित सैनी (33) ड्राइवर का काम करता था। अनूप सिंह (38) नाम का व्यक्ति टूर एंड ट्रेवल्स का काम करता था। संदीप (35) कार वाशिंग का काम करता था। निक्की जैन (33) चूना पत्थर का काम करता था। राजू जैन (36) खिलौने बनाने का काम करता था। विपिन सोनी (35), कारपेंटर था।

इस हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को गाड़ी से बाहर निकाला और हादसे में घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया।

परिवार हुआ हादसे का शिकार, तीन की मौत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। उमरेठ थाना क्षेत्र में हिंगलाज से नागलवाडी रोड पर मोआरी माइंस के पास रविवार देर रात भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि बैतूल के सरनी से बोलेरो में सवार होकर एक परिवार अपनी बिटिया की विदाई कराने के लिए छिंदवाड़ा जिले के रामकोना के लिए निकला था। देर रात वाहन उमरेट थानांतर्गत हिंगलाज से नागलवाड़ी रोडपर मोआरी माइंस के आगे पलट गया। हादसे में यूपी के हमीरपुर निवासी हीरू वर्मा, रामकोना निवासी इंद्रावती वाडेकर व सुशीला सोनेवाल की मौत हो गई।

मंदसौर में मतदान कर्मियों की बस खड़े ट्रक से टकराई, होमगार्ड जवान की मौत

मंदसौर | आरएनएस

मध्य प्रदेश के मंदसौर संसदीय क्षेत्र में सोमवार को मतदान हुआ और मंगलवार को मतदान कर्मियों को कार्यस्थल छोडऩे जा रही बस सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई है, वहीं पांच से ज्यादा घायल हुए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंदसौर संसदीय क्षेत्र में सोमवार को मतदान हुआ था। मतदान दलों का देर रात तक सामग्री लेकर जिला मुख्यालय पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कई क्षेत्रों के मतदान कर्मी मंगलवार की सुबह अपने कार्यस्थल की तरफ लौटे।

बताया गया है कि मंदसौर से सुवासरा का एक दल बस से सवार होकर मंगलवार को अपने कार्य स्थल लौट रहा था। इसी दौरान सुवासरा में राठौर कॉलोनी के पास खड़े एक ट्रक में यह बस जा घुसी।

इस हादसे में एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई, जबकि 5 से ज्यादा कर्मचारियों को चोटें आई हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, मंदसौर जिले के सुवासरा के निकट चुनाव ड्यूटी में सेवारत कर्मचारियों को लेकर लौट रही बस और ट्राले की टक्कर में एक होमगार्ड जवान की मृत्यु और कर्मचारियों के घायल होने का समाचार दुखद है। दिवंगत जवान के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। घायलों को पर्याप्त उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।

बंगाल कोयला तस्करी मामला : मुख्य आरोपी अनूप माझी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

कोलकाता | आरएनएस

पश्चिम बंगाल में कोयला तस्करी मामले के मुख्य आरोपियों में से एक अनूप माझी उर्फ लाला ने मंगलवार को आसनसोल में सीबीआई की एक विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया।

अनूप माझी को सुप्रीम कोर्ट से गिरफ्तारी के खिलाफ सुरक्षा मिली थी।

हालांकि, उसी समय आसनसोल की विशेष अदालत (जहां कोयला तस्करी मामले की सुनवाई हो रही है) ने सीबीआई को मामले में आरोप पत्र दाखिल करने का आदेश दिया।

सूत्रों ने कहा कि सीबीआई को 21 मई को आरोपपत्र दाखिल करना था। इसलिए सोमवार को चौथे चरण में आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव समाप्त होने के ठीक एक दिन बाद अनूप माझी ने विशेष अदालत में आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

सीबीआई पहले ही यह सवाल उठा चुकी है कि जब तक वे मामले में अनूप से पूछताछ नहीं कर लेंगे, तब तक वे अंतिम आरोप पत्र कैसे दाखिल कर पाएंगे।

विशेष अदालत के न्यायाधीश ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट से 'गिरफ्तारी के खिलाफ संरक्षण' है, लेकिन सीबीआई अधिकारियों पर उनसे पूछताछ करने पर कोई रोक नहीं है।

सूत्रों ने कहा कि ईडी भी कोयला तस्करी मामले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू पर समानांतर जांच कर रही है। ईडी अधिकारियों को इस मामले में अनूप को हिरासत में लेने पर रोक है। अब देखना यह है कि क्या ईडी के अधिकारी उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लेने का कदम उठाएंगे या नहीं।

कोयला तस्करी मामले की जांच 2020 में शुरू हुई। अब तक छह को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें कोल इंडिया लिमिटेड की पूरी तरह से मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कुछ अधिकारी शामिल हैं। उनमें से कुछ अभी जमानत पर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से दाखिल किया नामांकन, गृह मंत्री शाह समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

वाराणसी | आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के काल भैरव मंदिर में दर्शन करने के बाद अपना नामांकन दाखिल कर दिया। पीएम मोदी ने वाराणसी से तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा की।

पीएम सुबह 9.30 बजे दशाश्वमेध घाट पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 20 मिनट गंगा पूजन किया। इसके बाद आरती कर क्रूज से नमो घाट पहुंचे। पीएम ने काशी के कोतवाल कहे जाने वाले कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री नामांकन दाखिल करने के बाद रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

पीएम मोदी के नामांकन में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, लोजपा (क्र) प्रमुख चिराग पासवान, आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। दक्षिण के सुपरस्टार पवन कल्याण भी वाराणसी पहुंचे। आपको बता दें इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद 6 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। पूरे रोड शो के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

राजकीय सम्मान के साथ पटना के दीघा घाट पर होगा सुशील मोदी का अंतिम संस्कार

पटना | आरएनएस

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अंतिम संस्कार मंगलवार की शाम राजकीय सम्मान के साथ पटना के गंगा के दीघा घाट पर किया जाएगा।

इसके लिए बिहार भाजपा के मंगलवार के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अस्वस्थ होने के कारण उनके आज के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नीतीश कुमार पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्व. सुशील कुमार मोदी का पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना विशेष विमान से लाया जायेगा। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ संपन्न होगा।

मुख्यमंत्री ने उनकी धर्मपत्नी जेसिस जार्ज से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा मोदी के परिजनों, समर्थकों और प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

बताया गया कि पटना पहुंचने के बाद मोदी का पार्थिव शरीर पहले उनके निजी आवास ले जाया जाएगा, जहां उनके परिजन और लोग उनका अंतिम दर्शन कर सकेंगे।

यहां से उनका पार्थिव शरीर भाजपा प्रदेश कार्यालय ले जाया जाएगा, जहां पार्टी के लोग उन्हें अंतिम दर्शन करेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इसके बाद उनका पार्थिव शरीर विधानसभा होते हुए दीघा घाट ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

सोमवार को सुशील कुमार मोदी का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वे पिछले कई महीनों से कैंसर से पीड़ित थे।